
**महत्वपूर्ण एवं खास**



## कलेक्टर यशवंत कुमार ने पत्नी के साथ किया मतदान

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत आज कलेक्टर यशवंत कुमार अपनी पत्नी श्रीमती सौम्या यश के साथ मतदान बूथ क्रमांक 51 इंदिरा गांधी बालक प्राथमिक शाला पहुंचकर मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने चर्चा करते हुए बताया कि आज मतदान संपन्न होने के पश्चात 24 दिसम्बर को मतगणना की जाएगी। जिसके लिए सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। रायगढ़ नगर पालिक निगम के 48 वार्डो के लिए मतगणना केआईटी परिसर में की जाएगी। जिसके लिए 4 मतगणना कक्ष बनाए गए है जिनमें वार्डवार वोटो की गिनती की जाएगी।

## 94 वर्षीय बुजुर्ग श्रीमती सुमित्रा मिस्त्री ने किया मतदान



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ नगर पंचायत में 94 वर्षीय बुजुर्ग श्रीमती सुमित्रा मिस्त्री ने आज वार्ड क्रमांक 2 में मतदान किया।

## बुजुर्ग घुरूराम सारथी ने मतदान कर निभाया अपना फर्ज



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ नगर पंचायत में बुजुर्ग घुरूराम सारथी ने आज वार्ड क्रमांक 4 में मतदान किया और अपना फर्ज निभाया।

## बुजुर्गो ने भी उत्साहपूर्वक किया मतदान






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन में अपने वार्ड पार्षद चुनने के लिए वार्ड नं 27 के 74 वर्षीय वृद्ध भोला राम कटंक ने जिला जतन शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में बने मतदान केन्द्र पहुंच कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी कड़ी में उसी वार्ड की 70 वर्षीय वृद्धा श्रीमती सुरोती निषाद और श्रीमती सुमन निषाद अपने डेढ़ साल की बेटी वसुन्धरा के साथ मतदान केन्द्र पहुंच कर उत्साह के साथ अपने मताधिकार का उपयोग किया ।

## नन्हें बच्चे को लेकर मतदान करने पहुचीं रजनी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ नगर पंचायत में श्रीमती रजनी पटेल वार्ड क्रमांक 4 में अपने नन्हें बच्चे को लेकर उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिए पहुंची और उन्होंने मतदान कर अपने दायित्व का निर्वहन किया।

## बुजुर्ग रामसिदार ने बैशाखी के सहारे पहुंचकर किया मतदान



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बरमकेला नगर पंचायत में 60 वर्षीय बुजुर्ग रामसिदार वार्ड क्रमांक 15 के मतदान क्रमांक 15 में बैशाखी के सहारे चलकर मतदान करने आए।

# रायगढ़ जिले में 70.73 प्रतिशत मतदान

» बरमकेला में सर्वाधिक 87.92 प्रतिशत मतदान » कुल 139069 मतदाताओं ने किया मतदान

» बुजुर्गो, दिव्यांगों, महिलाओं, युवाओं, पुरूषों में मतदान करने का दिखा उत्साह एवं जज्बा









**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 में जिले 70.73 प्रतिशत कुल मतदान हुआ। नगर पालिक निगम रायगढ़ में 66.78 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद खरसिया में-73.11 प्रतिशत, नगर पंचायत बरमकेला में-87.92 प्रतिशत, पुसौर में 85.48 प्रतिशत, सरिया में 85.95 प्रतिशत, किरोड़ीमलनगर में 73.60 प्रतिशत, घरघोड़ा में 80.05 प्रतिशत, लैलूंगा में 84.82 प्रतिशत तथा धरमजयगढ़ में 79.64 प्रतिशत मतदान रहा। नगरीय निकाय निर्वाचन में कुल 139069 मतदाताओं ने मतदान किया। जिनमें नगर पालिक निगम रायगढ़ में पुरूष मतदाता 45495, महिला मतदाता 44278 एवं तृतीय लिंग 5, नगर पालिका परिषद खरसिया में पुरूष 5466, महिला 5826, नगर पंचायत में बरमकेला में पुरूष 1995, महिला 2087, पुसौर में पुरूष 1743, महिला 1725, सरिया में पुरूष 2382, महिला 2452, किरोड़ीमल नगर में पुरूष 3515, महिला 2912, तृतीय लिंग 01, घरघोड़ा में पुरूष 2770, महिला 2792, लैलूंगा में पुरूष 2472, महिला 2561, धरमजयगढ़ में पुरूष 4215, महिला 4397 है। कुल पुरूष मतदाताओं की संख्या 70053 है वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 69010 एवं तृतीय लिंग 6 है।

## कलेक्टर ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया

» मतदान देकर नागरिकों ने निभाया अपना कर्तव्य

» मतदान दलों को भी दी बधाई एवं शुभकामनाएं

» मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु सभी नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षाबल के जवानों, स्काउट के विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने सभी मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा है कि सभी नागरिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है और अपने कर्तव्यों को निभाया है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में मतदान संपन्न कराने के लिए नियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी बधाई के पात्र है। मतदान के पश्चात सभी मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। उन्होंने निर्वाचन के सफल संचालन के लिए मतदान दलों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर यशवंत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# छत्तीसगढ़ के 151 नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान संपन्न, अनुमानित कुल 66.41 प्रतिशत रहा मतदान

» कुछ मतदान केन्द्रों से मतदान का प्रतिशत आना शेष » रायपुर जिले में 71.87 प्रतिशत हुआ मतदान

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के 151 नगरीय निकाय के 10 नगर पालिक निगम, 38 नगर पालिक परिषद एवं 103 नगर पंचायत में आम चुनाव एवं 03 वार्ड में उपचुनाव के लिए मतदान आज शांति पूर्ण रूप से संपन्न हुआ। नगरीय निकाय चुनाव में अनुमानित कुल मतदान का प्रतिशत 66.41 रहा है। कुछ मतदान केन्द्रों से मतदान का प्रतिशत आना अभी शेष है जिससे मतदान के कुल प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है। उक्त जानकारी आज राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुरराम सिंह ने निर्वाचन कार्यालय में प्रेसवार्ता में दी।

सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 151 नगरीय निकाय के आम चुनाव एवं 02 नगरीय निकाय के वार्डो के उप चुनाव के लिए अधिसूचना 25 नवंबर को जारी की गई थी। आम चुनाव के लिए कुल 151 नगरीय निकाय में 10 नगरपालिका निगम, 38 नगरपालिका परिषद एवं 103 नगर पंचायत एवं उप चुनाव के लिए नगरपालिका निगम बिरगांव के 1 वार्ड क्रमांक 27 एवं नगरपालिका निगम भिलाई के 2 वार्ड क्रमांक 3 एवं 10 में मतदान आज सम्पन्न हुआ।

उन्होंने बताया कि इस तरह प्रदेश के कुल 2843 वार्डो के लिए नामांकन लिए गए , जिसमें से 06 वार्डों में निर्विरोध पार्षद निर्वाचित हुए। इनमें नगर पालिका परिषद दीपका वार्ड क्रमांक 08 जिला कोरबा, नगर पंचायत सारागांव वार्ड क्रमांक 03 जिला जांजगीर चांपा, नगर पंचायत लखनपुर वार्ड क्रमांक 07 जिला सरगुजा, नगर पंचायत कोतबा वार्ड क्रमांक 10 जिला जशपुर, नगर पालिका परिषद कोण्डगांव वार्ड क्रमांक 11 जिला कोण्डागांव, नगरपालिका निगम जगदलपुर वार्ड क्रमांक 11 जिला बस्तर शामिल है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत चिखलाकसा जिला बालोद के वार्ड क्रमांक 1, 14, 15 के लिए कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुए, वहीं नगर पंचायत डौण्डी जिला बालोद वार्ड क्रमांक 15 एवं नगरपालिका परिषद बचेली जिला दण्तेवाड़ा के वार्ड क्रमांक 08 में सभी







नामांकन वापस ले लिये जाने के कारण निर्वाचन की कार्यवाही आगे नहीं की गई तथा नगर पंचायत दोरनापाल के वार्ड क्रमांक 14 जिला सुकमा के एक प्रत्याशी की मृत्यु हो जाने के कारण निर्वाचन प्रत्यादिष्ट किया गया। इस प्रकार कुल 2831 वार्डो के कुल 5427 मतदान केन्द्रों में मतदान की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

ठाकुर ने बताया कि मतदान के दौरान किसी भी जिले से कोई भी गड़बड़ी की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा पहली बार ऑनलाईन वोटर पर्ची की सुविधा मतदाताओं को दी गई थी। जिसका मतदाताओं का भरपूर प्रयोग किया गया है।

उक्त सॉफ्टवेयर आयोग स्तर पर ही 03 दिवस में तैयार किया गया था जिसमें आयोग के आईटी टीम की महति भूमिका रही। मतदान के दौरान पूरे राज्य में सभी आयु वर्ग के लोगों जिसमें वयोवृद्ध एवं दिव्यांग भी बढ़-चढ़ कर मतदान में भाग लिया गया। नगर पंचायत पेण्ड्रा के मतदान केन्द्र क्रमांक 11 में सरल क्रमांक 431 में दर्ज मतदाता गगन अग्रवाल पिता पूनम चंद के स्थान पर बचरवार निवासी विकास साहू पिता भरत लाल साहू उम्र 20 वर्ष को फर्जी मतदान के कारण भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 171 घ के तहत कार्यवाही कर पुलिस थाना पेण्ड्रा के सुपुर्द किया गया है।

## मैं और मेरी सेल्फी जनहित में-योगेश लिमसाकरे



» युवाओं में मतदान के लिए दिखा उमंग और उत्साह

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगर पंचायत लैलूंगा में योगेश लिमसाकरे ने मतदान केन्द्र क्रमांक 10 में उत्साहपूर्वक मतदान किया एवं सेल्फी ली।

## सावत राम ने व्हीलचेयर में मतदान केन्द्र पहुंचकर किया मतदान



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया नगर पालिका में अपने वार्ड का पार्षद चुनने के लिए बुजुर्ग सावत राम केवट ने व्हीलचेयर में मतदान क्रमांक 10 पहुंचकर मतदान किया।

## स्काउट के बच्चों ने सेवाभावना के साथ दिव्यांगों एवं बुजुर्गो को पहुंचाया मतदान स्थल तक



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लैलूंगा नगर पंचायत में स्काउट के बच्चे सेवाभावना के साथ दिव्यांग लगन सिदार को मतदान केन्द्र 15 तक लेकर पहुंचे।

## सक्षम हूं मैं मतदान के लिए-दिव्यांग दशरथ गुप्ता




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुसौर नगर पंचायत में दिव्यांग दशरथ गुप्ता मतदान केन्द्र 3 में मतदान करने पहुंचे।

## मतदान करने से मिली खुशी- लक्ष्मण निषाद



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुसौर नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 6 में वृद्ध लक्ष्मण निषाद ने मतदान किया और खुशी महसूस की।

## मतदान हमारा कर्तव्य-संपत यादव



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ नगर पंचायत में संपत यादव आज मतदान क्रमांक 11 में मतदान किया और उन्होंने कहा कि मतदान हमारा कर्तव्य है और इसे पूरा कर आज दिली खुशी महसूस हो रही है।

# राम वनगमन पर्यटन परिपथ और माता कौशल्या मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ आज

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 22 दिसम्बर को सबेरे 11 बजे माता कौशल्या मंदिर परिसर चंदखुरी में राम वन गमन पर्यटन परिपथ निर्माण के साथ ही माता कौशल्या मंदिर परिसर में जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, पूर्व विधायक एवं न्यासी बालाजी स्वामी ट्रस्ट दूधाधारी मठ राजे महंत रामसुंदर दास जी, रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष मती शारदा देवी वर्मा, जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, ग्राम पंचायत चंदखुरी की सरपंच मती इंदु शर्मा और कौशल्या माता समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा उपस्थित रहेंगे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में राम वनगमन पर्यटन परिपथ निर्माण की घोषणा की थी। जिसके तहत छत्तीसगढ़ सरकार राम वन गमन पथ पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही है। इसमें प्रथम चरण में सीतामढ़ी हरचौका, रामगढ़, शिवरीनारायण, तुरतुरिया, चंदखुरी, राजिम, सिहावा के सप्तऋषि आश्रम, जगदलपुर और सुकमा जिले के रामाराम को राज्य शासन के पर्यटन विभाग द्वारा इन स्थलों को पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही रायपुर जिले के चंदखुरी स्थित माता कौशल्या के प्राचीन मंदिर परिसर का भी जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है कि शोधकर्ताओं के शोध किताबों से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रभु राम के द्वारा अपने वनवास काल के 14 वर्षो में से लगभग 10 वर्ष से अधिक समय छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया गया था। विभिन्न शोध प्रकाशनों के अनुसार प्रभु राम ने छत्तीसगढ़ में वनगमन के दौरान लगभग 75 स्थलों का भ्रमण किया।

## मैं हा होगे हो सियान, वोट देहे के मोला हे अभिमान-बुजुर्ग कुंजबिहारी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सरिया नगर पंचायत के बुजुर्ग कुंजबिहारी में आज वार्ड क्रमांक 4 में मतदान किया। उन्होंने कहा कि मैं हा होगे हो सियान, वोट देहे के मोला हे अभिमान। मोर लइका मन आगे नगर के विकास करही।

## 87 वर्षीय बुजुर्ग ने किया मतदान



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ नगर पंचायत में आज 87 वर्षीय बुजुर्ग श्रीमती तिलाशो बाई आज अपने नाती-पोतो के साथ जाकर मतदान किया।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480